लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष अष्टमी 7.45 बजे तक विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 61, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 15 जनवरी 2023

Page No. 05 : Bottom

17 मेधावियों को मिली 3.70 लाख की छात्रवृत्ति

लैंप लाइटिंग कार्यक्रम में छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जीएनएम के 17वें बैच के 64 और बीएससी नर्सिंग के छठे बैच के 60 विद्यार्थियों ने मानवसेवा करने की शपथ ली। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से जीएनएम, बीएससी और एमएससी नर्सिंग के 17 मेधावी विद्यार्थियों को 3.70 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। मुख्य अतिथि सैनिक अस्पताल के कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देवमूर्ति व ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों से नर्सिंग में सफल होने के बिंदुओं को साझा किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इंसानियत की सेवा के इस प्रोफेशन को चुनना महान फैसला है। ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, वाइस प्रिंसिपल डा.एनके अरोरा, चीफ मेट्रन लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत) अलियम्मा, मेट्रन जॉय विलसन, सीईटी के डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, ट्रेनिंग प्लेसमेंट एंड डेवलपमेंट सेल के निदेशक डा. अनुज कुमार, ला कालेज के निदेशक डा.नसीम अख्तर, प्रिंसिपल डा.मुकुट बिहारी लाल, सीईटीआर के प्रिंसिपल डा.एलएस मौर्य, सहायक प्रो. फराह खान मौजूद रहे।